# सूर्या फाउण्डेशन





## मासिक पत्रिका

## जुलाई–2023






- शिक्षा
- स्वास्थ्य
- स्वावलंबन
- समरसता
- पर्यावरण





# संदेश...



पद्‌मश्री
जयप्रकाश अग्रवाल
चेयरमैन - सूर्या फाउण्डेशन

ग्राम विकास से देश विकास के मॉडल को सामने रखकर आप सभी एक ऐसा गाँव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जहाँ सभी ग्रामीण शिक्षित हों, स्वस्थ हों, निरोगी हों, हर हाथ को काम, हर खेत को पानी हो, आपस में मिलकर रहें, पूरा गाँव स्वच्छ हो, नशामुक्त हो, गाँव के सभी किसान समृद्ध व खुशहाल हों। आप सभी ने पर्यावरण दिवस पर इकोब्रिक्स के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया। आप सब को बहुत-बहुत बधाई।

पिछले कई वर्षो से सूर्या फाउण्डेशन जल संरक्षण के लिए नये तालाबों का निर्माण, गहरीकरण, मेड़बंदी, डबरी निर्माण, सोख्ता गड्ढा निर्माण, वाटर टैंक निर्माण एवं जंगल को बचाने फलदार, छायादार, औषधीय पौधों की रोपाई व रखरखाव करने का महाभियान चला रहा है। इस पुनीत कार्य में हम सबका अधिक से अधिक सहभाग हो एवं अधिक से अधिक ग्रामवासी इस कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें, हमें यही प्रयत्न करना है। "पर्यावरण की रक्षा दुनियाँ की सुरक्षा" इस वाक्य को चरितार्थ करने के लिए आप पूरे मनोयोग से इस काम को पूरा करेंगे, ऐसा हमारा विश्वास है।

Scan QR Code and Watch Video

# सफलता की कहानी

## गुरू दक्षिणा

छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव, (पेण्ड्री गाँव) निवासी नेतराम साहू जी अपने गाँव से कई सेवाभावियों के साथ 29 मई 2016 को सूर्या साधना स्थली झिंझौली, सोनीपत (हरियाणा) में आकर 6 जून 2016 तक शिविर में रहे। वहाँ पर संस्था के चेयरमैन श्री जयप्रकाश जी के उद्‌बोधन को सुना।

वहाँ के नियमों और संयम को देखकर उन्हें लगा कि वास्तव में यह एक गुरुकुल है। इस दौरान नेतराम जी की अपनी पुरानी तम्बाकू खाने की आदत थी जो उन्हें बुरा लगता था। वे इस शिविर के दौरान तंबाकू के नशे को तो नही छोड़ पाये। परंतु शिविर के समाप्त होते-होते उन्हें इसका एहसास हुआ और तम्बाकू छोड़ने का संकल्प लिया। इस संकल्प के बाद अब खुद भी तम्बाकू नहीं खाते हैं और दूसरों को इसे न खाने की सलाह देते हैं।



### गुरु दक्षिणा

अपने समस्त अहंकार, घमंड, ज्ञान, अज्ञान, पद व शक्ति, अभिमान सभी गुरु के चरणों में अर्पित कर दें

यूट्यूब पर वीडियो देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें... Click here

# कार्यकर्ता दक्षता वर्ग : झिंझौली, सोनीपत (हरियाणा)







आदर्श गाँव योजना के प्रवासी कार्यकर्ताओं में कार्य करने की क्षमता का विकास हो, कार्य को गहराई से समझकर ग्राम विकास के काम को और गति दे सकें इसके लिए अनेक आयामों और अभियानों के माध्यम से कार्य किया जाता है। कार्यकर्ता दक्षता वर्ग हर तीन माह में आयोजित किया जाता है। इस वर्ग में तीन महीने में हुई कार्य की समीक्षा तथा आगामी 3 महीने की कार्ययोजना तैयार करते हैं तथा एक-दूसरे के क्षेत्र में हुए कार्य की चर्चा की जाती है। इस बार दक्षता वर्ग सूर्या साधना स्थली झिंझौली में (03 से 07 जुलाई 2023) आयोजित किया गया। इस 5 दिवसीय वर्ग में ग्राम विकास से सम्बंधित सत्र और कार्यशाला आयोजित हुई जिसमे मल्टी फार्मिंग (कृषि), गाँव को पर्यटन केन्द्र कैसे बनाएँ, आदर्श गाँव की परिकल्पना, जैविक खेती जैसे विषय रखे गए। देशभर में ग्राम विकास पर कार्य हो रहा है जिसके माध्यम से अनेक उपलब्धियाँ दिखाई देने लगी हैं जिससे आसपास के गाँव भी प्रेरित हो रहे हैं।













# वृक्षारोपण महाअभियान







सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत इस वर्ष भी वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। **'एक पौध-एक संकल्प थीम पर'** फलदार पेड़ लगाये जायेंगे जिससे सभी ग्रामवासी स्वावलम्बी बनें।

हमारे जीवन में वृक्षों का बहुत महत्व है। किसी ने खूब लिखा है- देख तमाशा लकड़ी का...। हमारे जन्म से लेकर मरने तक मानव और पेड़-पौधों का अटूट संबंध है। अतः वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है। हमारे अपने देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के कल्याण के लिए वृक्षारोपण व उनका संरक्षण बहुत जरूरी है। इसके लिए हमें कई प्रकार के प्रयास करने होंगे। ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगे। जंगलों की कटाई को रोकना होगा और उनका संरक्षण करना होगा।

वृक्षारोपण अभियान को इस वर्ष 18 राज्य के 350 कार्ययुक्त गाँव में 500 पर्यावरण मित्रों के माध्यम से 31200 परिवारों में 162000 पौधे लगाये जायेंगे। फलदार पेड़ में-आम, जामुन, अमरूद, करौंदा, नींबू, आँवला, इमली, बेल, बेर, कटहल, पपीता आदि इसमें से कोई भी पाँच फलदार एवं छायादार पौधे प्रत्येक परिवार से आग्रह करके लगवाए जायेंगे। औषधीय पौधे जैसे-एलोवेरा, आँवला, निर्गुंडी, हरसिंगार, गिलोय, अश्वगंधा, तुलसी, कढ़ीपत्ता, हल्दी आदि एवं छायादार पौधे भी लगाये जायेंगे। जन-जागरण हेतु गाँव में रैली, दीवार लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रेरणादायी वीडियो तथा ऑर्टिकल्स का भी प्रयोग करेंगे। एक पौधा-एक संकल्प के तहत रक्षाबंधन उत्सव (30 अगस्त) पर सभी पर्यावरण मित्र अपने घर में एक फलदार पेड़ (आम या आँवला) लगायेंगे और उसके संरक्षण का संकल्प लेंगे।






# वन महोत्सव के अन्तर्गत सूर्या फल वाटिका का शुभारम्भ





आदर्श गांव नांदियाकला, राजस्थान में वन महोत्सव तथा कन्या वन कार्यक्रम के अवसर पर 5 महीने की कन्या प्रेरणा सोनी के हाथों पौधा लगाकर वृक्षारोपण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रारंभ में 100 वृक्ष लगाये गए जिनके पालन पोषण की जिम्मेदारी 100 अलग-अलग लोगों ने ली। कार्यक्रम में ब्लॉक विकास अधिकारी बबली राम, ग्राम सेवक गोपाल, ग्राम सरपंच जसवंत सिंह भाटी, सूर्या फाउण्डेशन के सेवाभावी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।







# जल संरक्षण

15 जुलाई से 31 अगस्त 2023 तक देशभर में जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष देशभर के 18 राज्यों के 308 गाँवों के पूर्णकालिक कार्यकर्ता, शिक्षक, सेवाभावी और गाँवों के प्रतिष्ठित लोग, गाँव के प्रधान आदि के माध्यम से जल को बचाने के लिए गाँव-शहर में छोटे-छोटे कार्य जैसे मेडबंदी, सोख्ता गड्ढा, वाटर हार्वेस्टिंग, तालाब निर्माण, छत का पानी संग्रह, एनिकट बांध जलाशय निर्माण, एवं जन-जागरण हेतु किसानों के बीच गोष्ठी, रैली, चित्रकला, जल बचाओ संकल्प आदि कार्य करके सूर्या फाउण्डेशन के माध्यम से जल सरंक्षण किया जायेगा। जिसका उपयोग फसल की सिंचाई में करेंगे।

राजस्थान के जोधपुर के नांदियाकल्ला गाँव में जल संरक्षण के लिए तालाब की खुदाई का विशेष कार्य किया जा रहा है। हरियाणा क्षेत्र के बहादुरगढ़, गुजरात क्षेत्र के भुज, मध्य प्रदेश के मालनपुर और आन्ध्र प्रदेश के हिन्दूपुर के गाँव के खराब सरकारी नल एवं कुएँ का उपयोग जल संरक्षण के लिए किया जायेगा।


जलाशय निर्माण


खेतो में मेड़बंदी


छत का पानी संग्रह टैंक



सोख्ता गड्ढा



तालाब गहरीकरण

# गौरैया बचाओ अभियान



ग्लोबल वार्मिंग, रेडिएशन तथा कच्चे घरों के स्थान पर पक्के घर बनने समेत कई कारणों से छोटे पक्षी गौरैया के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है। गौरैया को बचाने के लिए सूर्या फाउण्डेशन ने गौरैया बचाओ अभियान शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत कार्यकर्ताओं ने गौरैया के लिए घरों का निर्माण करके सुरक्षित स्थानों पर रखा है।



## दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग : गंजाम, ओडिशा

ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षा और आर्थिक दृष्टि से कमजोर बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा व संस्कार प्रदान करने हेतु सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना ओडिशा प्रदेश के गंजाम जिले की सेरगड़ ब्लॉक की 6 गाँव मे 6 संस्कार केन्द्र खोलने के लिए 7 शिक्षकों का दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर पीतल गाँव स्थित कुन्ती देवी सरस्वती शिशु मंदिर मे श्री सूर्य नारायण महाराणा के करकमलों से दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुआ। इसमें प्रशिक्षण का महत्व, सूर्या फाउण्डेशन के आयामों, गतिविधियों, अभियानों से अवगत कराया गया साथ ही प्रार्थना, गीत, भारतीय खेल आदि का अभ्यास कराया गया। शिविर के दौरान श्रीमान मानस जी मंदिर पुरोहित, जिला अधिकारी ग्राम विकास और आदरणीय कामेश्वर जी सूर्या फाउण्डेशन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





# स्वावलंबन की ओर बढ़ते कदम...

## कादीपुर, काशी (उत्तर प्रदेश)

आदर्श गाँव कादीपुर में चले रहे सूर्या सिलाई केन्द्र और समूह की बहनों को गौ उत्पाद के तहत फिनायल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें महिलाएँ सिलाई के साथ-साथ स्वरोजगार की ओर भी बढ़ रहीं हैं। शुरुआत में फिनायल का उपयोग बहनें अपने घरों में करेंगी फिर अन्य गाँव में मार्केटिंग के लिए प्रचार प्रसार किया जायेगा।







## किसान उत्पादक संगठन (FPO) की बैठक
## झिंझौली, सोनीपत (हरियाणा)

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत किसान उत्पादक समूह का गठन किया गया है। किसान उत्पादक संगठन किसानों द्वारा बनाया गया एक ऐसा संगठन है, जहाँ किसान किसान की मदद करते हैं। किसान उत्पादक संगठनों से जुड़कर किसानों को सस्ते दामों पर बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक, मशीनरी, ग्रीन हाउस, पॉलीहाउस, कृषि तकनीक, मार्केट लिंकेज, ट्रेनिंग, नेटवर्किंग, आर्थिक मदद और तकनीकी सहयोग उपलब्ध करवाया जाता है, ताकि किसान का मनोबल बढ़े और वो खेती में बिना किसी अड़चन के बेहतर खेती कर सकें।  साथ ही बैठक में आगामी कार्य के विषय में चर्चा की गई।





# स्वयं सहायता समूह की बैठक

## मालनपुर, ग्वालियर : मध्य प्रदेश

आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत मालनपुर के हरीराम का पूरा गाँव में महिला स्वावलंबन को लेकर बैठक हुई। बैठक के मुख्य बिन्दु महिला स्वयं सहायता समूह का गठन, महिलाओं को आवश्यक रोजगार का प्रशिक्षण, समूह के सदस्य किस उत्पाद को तैयार करेंगे, मार्केटिंग कहाँ करेंगे आदि की योजना बनाई गई।





## हिन्दूपुर : आन्ध्र प्रदेश

आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत हिन्दूपुर के गुड्डमपल्ली गाँव में स्वयं सहायता समूह की माताओं-बहनों के साथ बैठक हुई। जिसमें रोजगार और उत्पादों की ट्रेनिंग को और अच्छा कैसे कर सकते हैं एवं बाजार में बेचने संबंधी विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के सलाहकार श्री निशांत जी उपस्थित रहे।





# हर घर पोषण वाटिका (किचन गार्डन) अभियान

घर की बाड़ी या खेतों में सब्जियाँ उगाने से घर के बच्चों में सब्जी लगाने का हुनर विकसित होता रहा है। सूर्या फाउण्डेशन–आदर्श गाँव योजना द्वारा पिछले तीन वर्षों से निरंतर **'हर – घर पोषण वाटिका अभियान'** चलाया जा रहा है। गाँव के किसान परिवारों को चयन कर उन्हें जैविक तरीके से सब्जी उगाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। पिछले वर्षों के अनुभव से देखा गया है कि इस काम में बच्चों की भी सक्रिय भूमिका रही है। घरों में पोषण वाटिका बनाने से परिवार में जैविक हरी सब्जियाँ प्राप्त हो रही हैं, घर में सब्जियाँ होने पर खर्च की भी बचत हुई है। पिछले अनुभवों से देखा गया है कि वाटिका बनाने वाले परिवार पड़ोसियों को भी सब्जी उपलब्ध करा रहे हैं।

कृषि के क्षेत्र में काम करने वाले सरकारी अनुसंधानों तथा वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किए गए बीजों को परिवारों में नि:शुल्क वितरित किया जाता है। अब तक 5000 परिवारों को पोषण वाटिका का बीज नि:शुल्क देकर उन्हें लाभान्वित किया जा चुका है। इस वर्ष राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड दिल्ली (NSC) द्वारा उत्पादित लौकी, तोरई, पालक, धनिया, टिण्डा व चौलाई के अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों को 8 राज्यों के 25 गाँवों में 2000 परिवारों में वितरण किया जा रहा है।


बहादुरगढ़ (हरियाणा)



काशीपुर (उत्तराखण्ड)



भुज (गुजरात)



मालनपुर (मध्य प्रदेश)

# महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से संस्था के चेयरमैन पद्मश्री जयप्रकाश जी ने की भेंट...

महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से सूर्या फाउण्डेशन के चेयरमैन पद्मश्री जयप्रकाश जी के साथ सूर्या फाउण्डेशन की टीम ने राष्ट्रपति भवन में भेंट की। सूर्या फाउण्डेशन के द्वारा चलाई जा रही गतिविधियाँ आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत चल रहे सेवा के कार्य, बस्ते के बोझ को कम करने हेतु नई शिक्षा नीति 2020 पर आधारित 'एक कक्षा-एक किताब' युवा विकास, प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन, कन्या शिक्षा परिसर सीहोर व सूर्या एकलव्य सैनिक स्कूल गुजरात विद्यालय की जानकारी राष्ट्रपति जी को दी। राष्ट्रपति जी ने सूर्या फाउण्डेशन की सभी गतिविधियों के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी।




चित्र में 1. महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, 2. पद्मश्री जयप्रकाश अग्रवाल
3. प्रो. डॉ. एच.एल शर्मा, 4. श्री कौस्तुभ करमरकर, 5. श्री मुकेश त्रिपाठी, 6. श्री विशाल गोयल

# मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल जी से सूर्या फाउण्डेशन के कार्यकर्ताओं ने की भेंट...




चित्र में 1. महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल, 2. वाईस चेयरमैन श्री मुकेश त्रिपाठी जी
3. आचार्य श्री सत्यनारायण शर्मा, 4. श्री पुंजालाल निनामा 5. श्री विशाल गोयल

मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल जी से सूर्या फाउण्डेशन के वाईस चेयरमैन श्री मुकेश त्रिपाठी जी एवं कार्यकर्ताओं ने शुभेच्छा भेंट की। इस दौरान मुकेश जी ने मध्य प्रदेश में सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत चल रहे सेवा कार्यों और कन्या शिक्षा परिसर (सीहोर) विद्यालय (वनवासी)की जानकारी दी, साथ ही संस्था द्वारा शिक्षा क्षेत्र में एक सफल प्रयास-सूर्य भारती पुस्तकें (All In One), सभी विषय की समेकित, एक कक्षा-एक किताब भेंट की।

# समाचार पत्रों में झलकियाँ...

## सूर्या फाउंडेशन की टीम ने मिलकर लगाए पौधे





राहुल कुमार /मंगलपुरद्य बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति के पैतृक गांव परौख में सूर्या फउंडेशन की टीम ने मिलकर गांव की कई जगह पर वृक्षारोपण किया ग्राम प्रधान संग्राम सिंह के साथ बहूदेश्यी भवन में फ़लदार वृक्ष लगाये और प्राथमिक विद्यालय परौख में बच्चों और शिक्षको के साथ छायादार और फ़लदार दोनों प्रकार के वृक्ष लगाये और वही गोपाल ने बच्चों को बताया कि अपने जीवन में जीवन में पौधों का कितना अधिक महत्व है आज हमे अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है और प्राथमिक विद्यालय की कक्षा 4 की छात्रा अंशिका के आज जन्मदिवस पर उससे एक पौधा लगवाया और उसे उस पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी दी.और कहा जब तक इस विद्यालय मे पढ़ेगी तक तक उस पौधे की देखरेख करेगी वृक्षारोपण करने के दौरान ग्राम प्रधान संग्राम सिंह गौर विद्यालय सहायक अध्यापक सुभाष कुमार , जूनियर फिल्ड कमांडर गोपाल, अमित कुमार, मोहित कुमार. मनजीत कुशवाहा शिवकुमार उदयप्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## सूर्या फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है जो आदर्श गांव योजना के तहत भारत के 18 राज्यों में आदर्श गांव योजना का कार्य संचालन करती है

### सूर्या फाउंडेशन के तत्वधान में, हरेली तिहार पर किया गया वृक्षारोपण




छत्तीसगढ़ के पहला त्यौहार हरेली के शुभ अवसर पर सूर्या फाउंडेशन एवं ग्राम के सरपंच पंच युवा साथियों के सहभागिता के साथ वृक्षारोपण किया गया

छत्तीसगढ़ के पहले तैवहार हरेली के शुभ अवसर पर ग्राम बम्हनी में सूर्या फाउंडेशन के तत्वधान में वृक्षारोपण किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आए हमारे ग्राम सरपंच श्रीमति रमशीला बाई मालेकर जी, उप सरपंच श्रीमान कीर्तन यादव जी, सरपंच पुत्र चंद्रशेखर मालेकर, प्रधान पाठक देव मैम जी साथ ही युवा साथियों सेवाभावी ,ग्रामवासी ग्राम समिति बम्हनी युवा मितान क्लब सम्मिलित होकर , गुलमोहर, करण जामुन , बादाम, नीलगिरि , अर्जुन, आम, आंवला, नीम, आदि। पौधे रोपण किया गया।

सूर्या फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है जो आदर्श गांव योजना के तहत भारत के 18 राज्यों में आदर्श गांव योजना का कार्य संचालन करती जिसके तहत गाँव में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सूर्य संस्कार केंद्र, युवाओं के लिए सूर्य यूथ क्लब एवं माताए बहनों के लिए सूर्य सिलाई प्रशिक्षण केंद्र एवं महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से गांव में आदर्श गांव कैसे बने इस विषय पर काम करते हैं ग्राम बम्हनी में सूर्य संस्कार केंद्र एवं सूर्या यूथ क्लब महिला स्वयं सहायता समूह चल रहा है जिसके साथ गांव के समग्र विकास के लिए समय-समय पर वृक्षारोपण, किसान सम्मेलन, स्वच्छता अभियान, ग्राम गौरव मेला, ऐसे अनेक कार्यक्रम करते हैं इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के पहला त्यौहार हरेली के शुभ अवसर पर सूर्या फाउंडेशन एवं ग्राम के सरपंच पंच युवा साथियों के सहभागिता के साथ वृक्षारोपण किया गया इस बार छत्तीसगढ़ में 1100 परिवारों में वृक्षारोपण के तहत फलदार पौधे वितरण कर लगाने का लक्ष्य लिया गया है फलदार पौधे से परिवार आत्मनिर्भर बनेगा और गांव के हर घरों में फल मिलेगा इसकी शुरुआत 10 अगस्त 2023 से शुभारंभ हो गया है और इस वर्ष वृक्षारोपण का कार्य 31 अगस्त 2023 तक पूर्ण करेंगे साथ ही 30 अगस्त 2023 को रक्षाबंधन पर 1 पेड़ 1 संकल्प के तहत आम व आंवला का पौधा अपने घर आँगन पर परिवार के साथ रोपण कर रक्षा सूत्र बांधकर सुरक्षा का संकल्प लेंगें सूर्या फाउंडेशन के कार्यकर्ता हीरेंद्र साहू सूरज साहू प्रीतम निर्मलकर प्रदीप सिन्हा संतराम सिन्हा संतु यादव श्रीमती चितरेखा साहू जी ऐसे सभी कार्यकर्ता वृक्षारोपण की इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में लगे हुए हैं एवं ग्राम के ग्राम समिति के कार्यक्रम में सहभागिता रहता हैं सूर्या फाउंडेशन छत्तीसगढ़ प्रमुख टण्डन के संचालन में वृक्षारोपण अभियान का कार्य चलेगा

आओ मिलकर पेड़ लगायें, हरी-भरी ये धरा बनायें।

## सूर्या फाउंडेशन ने चलाया हर घर पोषण वाटिका अभियान

स्वदेश संवाददाता ■ फरह



*सूर्या फाउंडेशन द्वारा दिए गए बीज के साथ महिलाएं।*

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा आदर्श गांव योजना के तहत पिछले 25 वर्षों से देश भर के 350 गांवों में ग्राम विकास का काम किया जा रहा है। पद्मश्री जय प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में किए गए कार्यों के परिणामों के प्रत्यक्ष उदाहरण आज समाज में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहे हैं। सूर्या फाउण्डेशन का उद्देश्य है कि गांवों का सर्वांगीण विकास हो, व्यक्ति स्वस्थ्य हो, परिवार में सद्भावना हो। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए पिछले तीन वर्षों से निरंतर हर घर पोषण वाटिका अभियान चलाया जा रहा है। गांव के गरीब परिवारों का चयन कर उन्हें जैविक तरीके से सब्जी उगाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। पिछले वर्षों के अनुभव से देखा गया है कि इस काम में बच्चों की भी सक्रिय भूमिका रही है। घरों में पोषण वाटिका बनाने से परिवार में जैविक हरी सब्जियां निःशुल्क प्राप्त होती हैं, जिससे सब्जियों पर होने वाले खर्च की बचत होती है और गरीब परिवार कुपोषण का शिकार होने से बच जाते हैं।

कृषि के क्षेत्र में काम करने वाले सरकारी अनुसंधानों तथा वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किए गए बीजों को परिवारों में निरूशुल्क वितरित किया जाता है। अब तक 5000 परिवारों को पोषण वाटिका का बीज निःशुल्क देकर उन्हें लाभान्वित किया जा चुका है। इस वर्ष राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड दिल्ली द्वारा उत्पादित लौकी, तोरई, पालक, धनियां, टिण्डा, चौलाई के अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों को 8 राज्यों के 25 गांवो में 2000 परिवारों में वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में दीनदयाल धाम, मथुरा जिले में नगलावर एवं नगलादौजी गांव के 100 परिवारों में बीज वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रणवीर जी पर्यावरण प्रमुख ब्रज प्रांत ने पोषण वाटिका के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विकास विश्वकर्मा सूर्या फाउंडेशन अभियान को सफल बनाने के लिए महिलाओं को जानकारी दी साथ में आदर्श मिश्रा क्षेत्र प्रमुख एवं रामकोमल अभियान प्रमुख के साथ शिक्षक अनिल, राधा तथा ममता सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा गांव के सेवाभावी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण के विषय पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन




उन्नति एक्सप्रेस-हरीश शर्मा/रामगोपाल गोपी

**सीकर।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना प्रकल्प के तहत देशभर में जारी जल सरंक्षण अभियान के तहत जयपुर के निमेडा गांव के ऐतिहासिक नकची माता मंदिर में जल सरंक्षण के विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जल सरंक्षण की महत्ता व वृक्षारोपण की उपयुक्तता के बारे में युवाओ को बताया गया। संगोष्ठी में ग्राम पंचायत निमेडा के वार्डपंच दौलत शर्मा, विवेकानंद नवयुवक मंडल, निमेडा के वरिष्ठ सदस्य विनोद सैन, सूर्या फाउंडेशन से सूरज सैन, हरिकिशन योगी, लाइनमेन शुभम शर्मा, राहुल सैन, दिनेश प्रजापत, संजय प्रजापत, कुलदीप वर्मा, योगेश वर्मा, श्याम सैन, लक्की टेलर, नीरज टेलर, सुनील सैन, विकास जेन, अमित सिंगला, वरुण टेलर, अभय सैन समेत अन्य युवा उपस्थित रहें।

## वन महोत्सव के अवसर पर 'प्रेरणा कन्या वन' का शुभारंभ

नवज्योति/सोवला।



प्रदेश भर में मनाए जा रहे वन महोत्सव तथा कन्या वन के अवसर पर नांदिया कलां में पंचायत समिति बावड़ी के विकास अधिकारी बबलीराम के सान्निध्य में प्रेरणा कन्या वन का शुभारंभ किया गया। 5 महीने की कन्या प्रेरणा सोनी के हाथों प्रथम पौधा लगाकर इसका विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विकास अधिकारी बबलीराम जाट ने कहा कि वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए हम सब का दायित्व है। प्रकृति का संरक्षण करें। राजस्थान शुरू से ही प्रकृति के प्रति समर्पित रहा है। परिवार में कन्या के जन्मदिन के अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं तथा उसका संरक्षण का जिम्मा लें। कन्या वन से अपने गांव को हरा भरा बनाने की दिशा में कार्य करें। युवा सरपंच भाटी ने कहा कि हम सबके लिए गौरव का विषय है कि गांव के युवा अपने जन्मदिन, शादी की वर्षगांठ या कोई भी ऐसा पर्व है, जिस पर पौधरोपण करते हैं तथा उनकी सार-संभाल की जिम्मेवारी भी युवा लेते हैं। इसी का परिणाम है कि आज गांव में 2000 से अधिक वृक्ष सार्वजनिक स्थानों पर लगे हैं तथा सुरक्षित है। सूर्या फाउंडेशन तथा गोसाई ग्राम विकास सेवा संस्थान का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहता है। वन महोत्सव के अवसर पर्यावरण की दिशा में अनुकरणीय कार्य करने वाले बंधुओं का भी दुपट्टा पहना कर सम्मान किया। कार्यक्रम में युवा सरपंच जसवंतसिंह भाटी, उपसरपंच सद्दाम हुसैन, वार्ड पंच बाबूलाल जैन, ग्राम विकास अधिकारी गोपालचंद सैनी, प्रकाश सोनी, कानाराम, जगराम, मोहन कुमार सूर्या, योगी नत्थूनाथ, गणपत मंत्री, भूरसिंह भाटी, रेवंतराम मेघवाल, राज कंवर, दीपू कंवर, श्याम सैन, गणपत मंत्री, सोनाराम माचरा, समाराम डूडी सहित अनेक ग्रामवासियों की सहभागिता रही।

**SURYA FOUNDATION**

B-3/330, Paschim Vihar, New Delhi-110063

Tel. : +91-25261588, 25253681 | +91-9310214842

Email: contact@suryafoundation.org | www.suryafoundation.org